राज्यपाल के अवर सचिव
Under Secretary to Governor
दिनांक 7404
18/11/25

राज्यपाल का सचिवालय
राजभवन, छत्तीसगढ़, रायपुर - 492001
दूरभाष : 0771-2331163 / 101
फैक्स : 0771-2331104
ईमेल : rajbhavan.cg@nic.in

सत्यमेव जयते

क्रमांक 5967 / 7519 / 2022 / रास / यू ..
प्रति,

रायपुर, दिनांक 18 / 11 / 2025

01. कुलपति, पंड़ित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
02. कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, धरमपुरा–2, बस्तर।
03. कुलपति, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, अंम्बिकापुर, सरगुजा।
04. कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर।
05. कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, रायपुर नाका, दुर्ग।
06. कुलपति, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़।
07. कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़।
08. कुलपति, छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर।
09. कुलपति, पं. सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिरकोना, बिलासपुर ।
10. कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, जोरा, रायपुर।
11. कुलपति, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग।
12. कुलपति, पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, उपरवारा, नवा रायपुर अटल नगर जिला–रायपुर।
13. कुलपति, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, पोस्ट–नेवई, दुर्ग।
14. निदेशक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान, पुरखौती मुक्तांगन के पास, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर।
15. कुलपति, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा–पाटन, दुर्ग।

विषय :– **चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर, उत्तर प्रदेश में कुलपति पद पर नियुक्ति संबंधी विज्ञापन को वेबसाइट में अपलोड करने विषयक।**

---

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश से विषय के संबंध में प्राप्त पत्र दिनांक 10.11.2025 की छायाप्रति सहपत्रों सहित संलग्न प्रेषित है ।

निर्देशानुसार, कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु राजभवन, लखनऊ से प्राप्त उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।

संलग्न:– उपरोक्तानुसार।

अकादमिक क्र. 1115 दि. 19/11

GAD

राज्यपाल के अवर सचिव
छत्तीसगढ़

117 ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्या : ई–7979/जी0एस0
दिनांक : नवम्बर,10, 2025

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव, श्री राज्यपाल,
समस्त राज्य,
भारत।

महोदय,

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ0प्र0) एक प्राचीन विश्वविद्यालय स्थापित है।

उपर्युक्त विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी प्रक्रिया वर्तमान में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या : ई–7972/2025, दिनांक नवम्बर 09, 2025 (प्रति संलग्न) को प्रकाशित कराया जा रहा है। मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन को समस्त प्रदेशों के विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर भी प्रकाशित कराने सम्बन्धी निर्देश दिये गये है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने प्रदेशों से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर उपर्युक्त विज्ञापन को प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक :– यथोपरि।

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उ0प्र0।

118

राज भवन, लखनऊ

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) के कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में सूचना

विज्ञापन संख्या : ई–7972/2025 दिनांक : नवम्बर 09, 2025

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ0प्र0), जो कि उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति, उपर्युक्त अधिनियम की धारा–11(1) के अधीन गठित समिति के द्वारा अनुसंशित पैनल में से कुलाधिपति द्वारा की जानी प्रस्तावित है।

कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 वर्ष की अवधि के लिए अथवा अपनी आयु 68 वर्ष पूर्ण करने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगा। कुलपति के पद हेतु केवल वही व्यक्ति पात्र होगा जिसने 65 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो।

चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होनी चाहिए। अभ्यर्थी को कृषि शिक्षा के क्षेत्र में प्रख्यात शिक्षाविद होने के साथ–साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी राज भवन की वेबसाइट "www.upgovernor.gov.in" पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन दिनांक **05.12.2025** (शुक्रवार) तक केवल ऑनलाइन **(Online)** प्रेषित कर सकते है।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल,
भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।